THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI GHULAM NABI AZAD) : (a) There is no arrangement for sharing of costs between the Government of India and the Governments of Maharashtra and Gujarat.

(b) and (c) During the last 5 years International Airports Authority of India has not acquired any land for expansion and development of Bombay Airport.

(d) A statement is annexed.

STATEMENT

Sl. No.	Airport	Revenue earned by	Revenue earned (Rs. in crores)			
			1990-91	1991-92	1992-93	1993-94 (upto October 1993)
1.	Bombay	International Airports Authority of India	102.42	108.53	117.44	76.52 (Provisional)
2.	Bombay	National Airports Authority	37.24	45.85	51.78	36.55 (Provisional)
3.	Ahmedabad	National Airports Authority	0.96	1.12	2.30	2.08 (Provisional)

राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण, मुम्बई की जमीन पर झुग्गियों का निर्माण

3072. **श्री सुशीलकुमार संभाजी राव शिन्दे** : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि मुम्बई में राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण की जमीन पर कुछ झुग्गियां बस गयी हैं;

(ख) यदि हां, तो इन झुग्गियों की संख्या कितनी हैं और इन्होंने कितना क्षेत्र घेर रखा है;

(ग) क्या यह सच है कि इन झुग्गियों के कारण विमान यातायात को खतरा पैदा हो गया है;

(घ) क्या यह भी सच है कि महाराष्ट्र सरकार ने इन झुग्गियों का किन्हीं अन्य स्थानों पर पुनर्वास करने की पेशकश की है;

(ङ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(च) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या निर्णय लिया गया है ?

नागर विमान और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) और (ख) जुहू हवाई अड्डे पर राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण की लगभग 12,000 वर्ग मीटर भूमि पर अनाधिकृत कब्जा है । झुग्गियों की संख्या लगभग 3000 है ।

(ग) जी, हां

(घ) से (च) : झुग्गी झोपड़े निवासियों को अन्य स्थानों पर बसाने हेतु महाराष्ट्र राज्य सरकार के साथ परामर्श करते हुए प्रयास जारी हैं । तथापि, वैकल्पिक सुविधाओं के उपलब्ध न होने के कारण अभी तक अनाधिकृत कब्जे को हटाना और पुनर्वास संभव नहीं हो पाया है।

निजी विमान कम्पनियों में विदेशी राष्ट्रिकों की भर्ती

3073. **श्री सुशीलकुमार संभाजीराव शिन्दे** : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि हाल ही में शुरू हुई कुछ निजी विमान कम्पनियों ने विदेशी राष्ट्रिकों की भर्ती की है;

(ख) यदि हां, तो कौकपिट क्रू और केबिन क्रू में ऐसे कितने विदेशी नागरिक हैं;

(ग) क्या सरकार देश में बेरोजगारी की समस्या को देखते हुए इस सेवा में विदेशी राष्ट्रिकों